**Name** **Roll Number**

**SET B**

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## ANNUAL EXAMINATION 2019-20

## HINDI (THIRD LANGUAGE)

Code:MZHN309

CLASS: VIII Marking Scheme Time Allotted: 2 Hrs.

Max .Marks: 80

11.03.2020

**प्रश्न 1 दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़कर किसने, किससे कहा लिखिए।** **1×2=2**

1 "मेरे तो सिर्फ़ दो ही दोस्त हैं। मैं नहीं जानता कि तुम्हारे इतने सारे दोस्त कैसे हो गए।" नारायण के पिता ने नारायण से कहा।

2 "आप की मुसीबत सुन चुका हूँ। भैया कहाँ हैं? मुझे दिखा दीजिए।" भगत/बूढ़े ने डॉकटर चड्ढा से कहा।

**प्रश्न 2 दिए गए वाक्यों को पठित पाठ के आधार पर सही या गलत पहचानकर लिखिए।** **1×3=3**

1 मृणालिनी और कैलाश सहपाठी थे। (—सही—)

2 नारायण पढ़ाई में होशियार था। (– गलत—)

3 अध्यापक हमारे आलस दूर भगा देते हैं। (—गलत—)

**प्रश्न 3 दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति पठित पाठ के आधार पर कीजिए।** **1×4=4**

1 ऐसे लड़के को अपना —दोस्त— कहने में शर्म लगती है।

2 संसार में कई मनुष्य अपने मज़े के आगे किसी की —जान की परवाह— नहीं करते।

3 कलियाँ पलकें —फड़काने— लगी हैं।

4 उसके पैरों पर गिर कर अपने — अपराध— के लिए क्षमा माँगूगा।

**प्रश्न 4 नीचे लिखे शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** **1×3=3**

**1** हिम्मत **2** बरबाद **3** रईस

**प्रश्न 5 नीचे लिखे शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए।** **1×8=8**

(क) पथिक यात्री (ख) भूमि धरती (ग) दर्शन देखना (घ) किरणें रश्मि
(ङ) पशु जानवर (च) उजाला रोशनी (छ) दमकना चमकना (ज) खुश आनंद

**प्रश्न 6 दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। उत्तर स्पष्ट है** **2×7=14**

1 कैलाश को किस चीज़ का शौक था ?

2 नारायण का कोई भी दोस्त उसकी मदद के लिए क्यों तैयार नहीं था?

3 भगत के पुत्र की मृत्यु हो जाने पर भगत का जीवन कैसा हो गया?

4 हम सबको सुबह-सवेरे क्या करना चाहिए?

5 अंत में नारायण को क्या समझ आया?

6 भगत डॉक्टर चड्ढा के पास क्यों गया था?

7 सूरज निकलने पर प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन आते हैं?

**प्रश्न 7 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।** (Any two) **उत्तर स्पष्ट है** 3x2=6

1 सच्चे और झूठे दोस्तों के अंतर को पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

2 "महापुरूष कहलाते वे" शीर्षक कविता का केंद्रीय भाव लिखिए।

3 मंत्र कहानी के कहानीकार कौन हैं ? यह कहानी हमें क्या शिक्षा देती है?

**प्रश्न8 दिए गए वाक्यों में से सही अव्यय शब्द पहचान कर लिखिए।** 1×4=4

1 विद्यालय के सामने मैदान है। के सामने

2 गिलहरी धीरे-धीरे खा रही है। धीरे-धीरे

3 बाहर तेज़ धूप है इसलिए बच्चे नहीं खेल रहे हैं। इसलिए

4 शाबाश! अगली बार भी ऐसे ही चित्र बनाना। शाबाश!

**प्रश्न 9 दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित अव्यय शब्दों से कीजिए।** 1×2=2

(क)1 मैं तो चला जाऊँगा, —लेकिन— तुम्हें भी आना पड़ेगा।

2 —वाह!— कितना सुंदर लेख है।

(ख) **नीचे लिखे अव्यय शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** 1×2=2

1 दिनभर

2 के ऊपर

**प्रश्न10 नीचे दिए गए अशुदध शब्दों का शुदध रूप लिखिए।** 1×2=2

1 दयालू दयालु 2 महत्व महत्त्व

**प्रश्न11 नीचे दिए गए अशुदध वाक्यों को शुदध करके लिखिए।** 1×2=2

1 हमारा घर में मेहमान आए हुए है। हमारे घर में मेहमान आए हुए हैं।

2 इस फूलों से खूशबू आ रही हैं। इन फूलों से खुशबू आ रही हैं।

**प्रश्न12 नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्द व क्रिया-भेद पहचान कर उनके नाम लिखिए।** 1×4=4

1 चिड़िया दाना चुगती है। चुगती है, सकर्मक क्रिया

2 मृणालिनी ने दरजी से कपड़े सिलवाए।, सिलवाए प्रेरणार्थक क्रिया

3 संजय कुर्सी पर बैठा है। बैठा है,अकर्मक क्रिया

4 मेरी माँ मुझे पढ़ाती हैं। पढ़ाती हैं, सकर्मक क्रिया

**प्रश्न13 नीचे लिखे विशेषण शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** 1×2=2

1 मेहनती

2 कुछ

**प्रश्न14 दिए गए वाक्यों को अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए ।** **1×2=2**

1 कैलाश जोर से हँसा। Kailash laughed loudly.


2 मेरे भाई ने दूध पीया। My brother drank milk.

**प्रश्न15 दिए गए वाक्यों को हिंदी में अनुवाद कीजिए।** **1×2=2**

1 My mother went to market. मेरी माताजी बाज़ार गई।

2 Boys read the book. लड़कों ने पुस्तक पढ़ी।

प्रश्न16 **नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 25 से 30 शब्दों में कीजिए।** **3**



**प्रश्न17 नीचे लिखे गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **1×5=5**

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सद्वृति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-रात अवनति के गड्ढ़े में गिराती जायेगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाली बाहु के समान होगी, जो निरंतर उन्नति की ओर ले जायेगी।

इंग्लैंड के एक विद्वान को युवावस्था में राज-दरबारियों में जगह नहीं मिली। इस प्रकार ज़िंदगी भर वह अपने भाग्य को सराहता रहा। बहुत-से लोग तो इसे अपना बड़ा भारी दुर्भाग्य समझते, पर वह अच्छी तरह जानता था कि वहाँ वह बुरे लोगों की संगति में पड़ता, जो उसकी आध्यात्मिक उन्नति में बाधक होते।

1 कुसंग का ज्वर कैसा होता है? कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है।

2 कुसंग का ज्वर किस-किस का नाश करता है? नीति, बुद्धि और सद्वृति का नाश करता है।

3 युवा- पुरुष की बुरी संगति किसके समान होती है? पैरों में बँधी चक्की के समान

4 अच्छी संगति का क्या परिणाम होता है? अच्छी संगति सहारा देने वाली बाहु के समान होगी, जो निरंतर उन्नति की ओर ले जायेगी।

5 निम्नलिखित श्ब्दों का विलोम शब्द उपर्युक्त गद्यांश से ढूँढकर लिखिए।
(क) रात × दिन (ख) अवनति × उन्नति

**प्रश्न18 स्थानांतरण के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए।** **5**

**या**

**वार्षिक परीक्षा की तैयारी का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।**

**प्रश्न19 किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **5**

**1** मेरा प्रिय पर्व **2** जल प्रदूषण **3** समाचार पत्र